दिनांक 22 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के कर्मचारियों को मिलेगा समयमान वेतनमान, छानबीन समिति की बैठक में की गई अनुशंसा

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के कर्मचारियों को लंबे समय बाद समयमान वेतनमान मिलने जा रहा है इसमें लगभग तृतीय श्रेणी के 124 कर्मचारी तथा चतुर्थ श्रेणी के 84 कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सकता है, आयुक्त श्री सुंदरानी के अवकाश से आने के बाद इसकी स्वीकृति स्थापना विभाग के द्वारा प्राप्त की जाएगी! समयमान वेतनमान 10 वर्षों में एक बार निगम कर्मचारियों को प्राप्त होता है, जोकि पदोन्नति के स्थान पर पद स्वीकृत नहीं होने पर दिया जाता है अब तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की इंतजार की घड़ी खत्म होने जा रही है क्योंकि समयमान वेतनमान देने के लिए छानबीन समिति की बैठक दिनांक 19 जून 2019 को रखी गई थी जिसमें अधीक्षण अभियंता आरके साहू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े एवं लेखाधिकारी जितेंद्र ठाकुर मौजूदगी में अनुशंसा की गई है! कुछ कर्मचारियों जैसे तृतीय श्रेणी के 32 एवं चतुर्थ श्रेणी के 7 कर्मचारियों का गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण अगली बैठक में इनसे गोपनीय प्रतिवेदन प्राप्त कर समयमान वेतनमान देने की अनुशंसा छानबीन समिति द्वारा की गई है!